रोवर्स / रेंजर्स जनपद समागम

जनपद - चंदौली

(2023-24)

आज दि० 10 फरवरी, 2024 को सकलडीहा पी० जी० कालेज, सकलडीहा - चंदौली में 'रोवर्स - रेंजर्स प्रवेश' प्राशिक्षण कार्यक्रम का महाविद्यालय के प्राचार्य 'प्रोफेसर प्रदीप कुमार पाण्डेय' ने माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके शुभारम्भ किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस पाँच दिवसीय प्राशिक्षण कार्यक्रम में रोवर्स / रेंजर्स अनुशासन एवं दलभावना के साथ - साथ देश सेवा एवं राष्ट्र निर्माण हेतु बहुत कुछ सीख सकेंगे। महाविद्यालय के रोवर प्रभारी प्रो० विजेन्द्र सिंह ने कहा कि इससे छात्र / छात्राओं में व्यक्तित्व का विकास होता है और वे कठिन परिस्थितियों में भी सेवा भावना के साथ आगे बढ़ते रहते हैं। रेंजर्स प्रभारी डा० प्रीतम उपाध्याय ने स्काउट / गाइड के विकास एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो० दयानिधि सिंह यादव, प्रो० उदयशंकर झा, प्रो० महेन्द्र प्रताप सिंह, डा० दयाशंकर यादव, डा० इन्द्रजीत सिंह, डा० सीता मिश्रा, डा० अनिल तिवारी, डा० अजय यादव डा० अभयवर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन रोशनी विश्वकर्मा ने किया।

स्थान : सकलडीहा

दि : 10-02-2024

Vijendra Singh

10-02-2024

Prof. Vijendra Singh
Coordinator IQAC
Sakaldiha P.G. College
Sakaldiha- Chandauli